Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## फरवरी
## भाग-1

## 2025

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry: +91-87501-87501
Email: care@groupdrishti.in

# प्रश्न

**1. डिजिटल भुगतान में टोकनीकरण के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वास्तविक कार्ड विवरण के स्थान पर एक अद्वितीय कोड या "टोकन" देता है, जो लेनदेन के दौरान एक सुरक्षित पहचानकर्त्ता के रूप में कार्य करता है।
2. टोकन व्यापारियों को संवेदनशील कार्ड विवरण संग्रहीत करने से रोकते हैं, तथा सुरक्षा भंग होने की स्थिति में ग्राहकों की जानकारी सुरक्षित रखते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**2. रिट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 32 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकता है।
2. अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय मूल अधिकारों और अन्य कानूनी अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकते हैं।
3. अनुच्छेद 32 के तहत राष्ट्रपति किसी अन्य न्यायालय को रिट जारी करने का अधिकार दे सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**3. मानस नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भूटान की सबसे लंबी नदी है।
2. यह दक्षिणी भूटान और भारत के बीच हिमालय के तराई क्षेत्र में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**4. अक्सर समाचारों में आने वाला शब्द ओपन मार्केट ऑपरेशंस ( OMO ) का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. तरलता की स्थिति को सुचारू बनाने तथा ब्याज दर के स्तर पर इसके प्रभाव को न्यूनतम करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री।
B. वाणिज्यिक बैंकों द्वारा जनता को बाज़ार-निर्धारित ब्याज दरों पर ऋण देने की प्रक्रिया।
C. मुद्रा को स्थिर करने के लिये विदेशी मुद्रा बाज़ार में सरकार का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप।
D. बैंकों द्वारा वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार केंद्रीय बैंक के पास आरक्षित निधियाँ बनाए रखने की प्रक्रिया।

**5. भारत में घरेलू कार्यों को नियंत्रित करने वाले कानूनों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में एक समर्पित केंद्रीय कानून है जो घरेलू कार्य, "कर्मचारी" और "कार्यस्थल" को कवर करता है, तथा घरेलू कार्य को भी परिभाषित करता है।
2. वर्ष 2020 में लागू सामाजिक सुरक्षा संहिता घरेलू कामगारों को लाभ प्रदान करती है और इसे देश भर में सफलतापूर्वक लागू किया गया है।
3. बाल श्रम अधिनियम, 1986, 14 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को घरों में कार्य करने की अनुमति प्रदान करता है, तथा उन्हें सुरक्षित मानता है, हालाँकि वर्ष 2006 में भारत ने 14 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों के घरेलू काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**6. राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (NCGTC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उधारकर्त्ताओं को ऋणदाताओं के साथ ऋण जोखिम साझा कर वित्त प्राप्ति में मदद करती है।
2. इसकी स्थापना सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 के तहत की गई थी।
3. यह एक निजी लिमिटेड कंपनी है जो पूर्णत: भारत सरकार के स्वामित्व में है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**7. भारत में जेंडर बजटिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जेंडर बजट स्टेटमेंट (GBS) पहली बार बजट वर्ष 2014-15 में पेश किया गया था।
2. GBS 2025-26 भारत का अब तक का सबसे बड़ा जेंडर बजट है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**8. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित वैधानिक निकाय है।
2. SEBI से पूर्व, भारतीय रिज़र्व बैंक पूंजी बाज़ार के लिये नियामक प्राधिकरण था।
3. प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण SEBI के निर्णयों के विरुद्ध अपीलों का निपटारा करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**9. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह चिरस्थाई अलवणीय जल का पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसमें दो ऑक्सबो झीलें शामिल हैं।
2. यह वर्षा पर निर्भर है और तराई क्षेत्र में स्थित है।
3. निकटवर्ती टिकरी वन को भी इको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**उपरोक्त विशेषताओं द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र सर्वोत्तम रूप से वर्णित होता है ?**

A. हरिके वेटलैंड
B. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
C. दीपोर बील
D. पार्वती अरगा रामसर साइट

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पोटोमैक नदी पश्चिमी वर्जीनिया के पोटोमैक रिवर हाइलैंड्स से निकलती है और चेसापीक बे में गिरती है।
2. चेसापीक बे, अमेज़न नदी के मुहाने के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ज्वारनदमुख है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**11. ग्रामीण क्रेडिट स्कोर के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा ग्रामीण व्यक्तियों की ऋण-पात्रता का आकलन करने के लिये विकसित किया गया है।
2. इस स्कोर को स्वामित्व योजना के साथ एकीकृत किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**12. शहरी चुनौती कोष के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस फंड का कोष ₹1 लाख करोड़ का है।
2. इसका उद्देश्य विकास केंद्र के रूप में शहरों, शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास तथा जल एवं स्वच्छता के अंतर्गत पहलों का समर्थन करना है।
3. कम से कम 50% वित्तपोषण बॉण्ड, बैंक ऋण या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बाकू, अज़रबैजान में आयोजित UNFCCC COP 29 में विकसित देशों ने जलवायु वित्त के लिये प्रतिवर्ष 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
2. केंद्रीय बजट 2025-26 में वर्ष 2033 तक कम-से-कम पाँच लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) का परिचालन करने का लक्ष्य रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**14. भारत के त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका निर्माण डॉ. होमी भाभा ने किया था।
2. इसका उद्देश्य भारत के सीमित यूरेनियम संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करना तथा थोरियम की क्षमता को अधिकतम करना है।
3. फास्ट ब्रीडर रिएक्टर परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण का हिस्सा हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**15. खबरों में चर्चित बुडापेस्ट संधि और मारकेश वीआईपी संधि निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. पर्यावरण संरक्षण
B. व्यापार समझौते
C. मानव अधिकार संरक्षण
D. बौद्धिक संपदा अधिकार

**16. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह कैरेबियन सागर और उत्तरी अटलांटिक महासागर के बीच अवस्थित है।
2. फ्रेंच इसकी आधिकारिक भाषाओं में से एक है।
3. यह डोमिनिकन गणराज्य के साथ द्वीप साझा करता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सर्वोत्तम रूप से वर्णित होता है ?**

A. क्यूबा
B. जमैका

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

C. प्यूर्टो रिको

D. हैती

**17. अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के माध्यम से की गई है।
2. भारत में बिग कैट की सभी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, इसलिये उनका संरक्षण महत्त्वपूर्ण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**18. भारत में आधिकारिक भाषाओं से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 345 में कहा गया है कि राज्य विधानमंडल आधिकारिक प्रयोजनों के लिये एक या एक से अधिक भाषाओं का चयन कर सकता है।
2. अनुच्छेद 351 राज्य की जनसंख्या के एक वर्ग द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं को मान्यता प्रदान करने से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**19. भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति (SIDE) रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा तैयार की जाती है?**

A. नीति आयोग

B. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

C. विकास अध्ययन केंद्र (CDS)

D. भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (ICRIER)

**20. डिजिटल पहल से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उमंग एप्लिकेशन विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार संगठनों की आवश्यक सेवाओं तक कई भाषाओं में पहुँच प्रदान करता है।
2. संस्कृति मंत्रालय की डिजिटल इंडिया भाषानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) संसाधनों तक पहुँच की सुविधा प्रदान करती है।
3. केंद्रीय बजट 2025-26 में भारत AI मिशन के लिये 2,000 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**21. निम्नलिखित द्वीप युग्मों पर विचार कीजिये:**

1. ऑकलैंड द्वीप समूह- न्यूज़ीलैंड
2. फरासन द्वीप- सऊदी अरब
3. मैक्वेरी द्वीप- ऑस्ट्रेलिया

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**22. ब्लैक होल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्लैक होल का इवेंट होराइज़न वह सीमा है जहाँ कुछ भी, यहाँ तक कि प्रकाश भी अभिकर्षित होने से नहीं बच सकता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. दूरबीनों का उपयोग कर उनकी सतह का प्रत्यक्ष निरीक्षण करके ब्लैक होल का पता लगाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**23. जापान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जापान प्रशांत महासागर के अग्नि वलय पर स्थित है, जिसके कारण यहाँ प्राय: भूकंप की बारंबारता और ज्वालामुखीय सक्रियता बनी रहती है।
2. कुरोशिओ धारा, एक शीत महासागरीय धारा, जापान के तापमान को कम कर वहाँ की जलवायु को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**24. इंडो-यूरोपीय भाषाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तमिल और तेलुगु सहित सभी प्रमुख भारतीय भाषाएँ इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार से संबंधित हैं।
2. संस्कृत इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार की सबसे पुरानी ज्ञात भाषाओं में से एक है।
3. इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार में दक्षिण एशिया और यूरोप दोनों में बोली जाने वाली भाषाएँ शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. सभी सही हैं

**25. भारत में जनजातियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जारवा जनजाति अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में निवास करने वाली एक स्वदेशी जनजातीय समुदाय है।
2. भील जनजाति जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**26. समाचारों में अक्सर देखा जाने वाला शब्द 'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी' का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. ऐसी नीति जिसमें कोई देश अन्य देशों के आर्थिक हितों का शोषण या उन्हें हानि पहुँचाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रयास करता है।
B. एक कूटनीतिक रणनीति जिसमें देश आपसी संबंधों को सुधारने के लिये एक दूसरे को सहायता प्रदान करते हैं।
C. वैश्विक व्यापार सहयोग को बढ़ावा देने और व्यापार बाधाओं को समाप्त करने वाली नीति।
D. पड़ोसी देशों के बीच व्यापार समझौता जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय आर्थिक स्थिरता को बढ़ाना है।

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्षुद्रग्रह 4.6 अरब वर्ष पूर्व सौरमंडल के निर्माण के समय बचे हुए चट्टानी अवशेष हैं, जो अधिकांशत: क्षुद्रग्रह बेल्ट में सूर्य की परिक्रमा करते हैं, हालाँकि कुछ पृथ्वी के मार्ग को भी पार करते हैं।
2. मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में अधिकांश ज्ञात क्षुद्रग्रह स्थित हैं।
3. वर्ष 1999 में IAU (अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ) द्वारा अपनाए गए टोरिनो पैमाने में, क्षुद्रग्रहों के प्रभाव के जोखिमों को संभावना और गंभीरता के आधार पर 0 से 10 के पैमाने पर वर्गीकृत किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**28. साहित्य अकादमी पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पुरस्कार उपन्यास, कविता, निबंध और नाटक जैसी श्रेणियों में असाधारण साहित्यिक योगदान को सम्मानित करता है।
2. यह ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत में दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**29. रेपो दर से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वह ब्याज दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक से ऋण लेते हैं
2. उच्च रेपो दर का अर्थ उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिये उच्च ब्याज दर है।
3. इसका उपयोग केंद्रीय बैंक द्वारा मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**30. निम्नलिखित कार्यों पर विचार कीजिये:**

1. निम्न-कार्बन ऊर्जा स्रोतों की ओर संक्रमण
2. बढ़ते समुद्री स्तर के विरुद्ध सुरक्षा का निर्माण
3. बदलती जलवायु के लिये फसलों में विविधता लाना

**ऊपर उल्लिखित उपायों में से कितने जलवायु शमन प्रयासों के अंतर्गत आते हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वैश्विक मानवीय और विकास सहायता के लिये प्राथमिक अमेरिकी एजेंसी है।
2. यह विश्व भर में स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सहायता, आपदा राहत और नीति वकालत को वित्तपोषित करता है।
3. भारत का इससे जुड़ाव 1951 में भारत आपातकालीन खाद्य सहायता अधिनियम के साथ शुरू हुआ, जो खाद्य सहायता से लेकर बुनियादी ढांचे तक कई दशकों में विकसित हुआ।

**निम्नलिखित में से कौन-सा निकाय उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित होता है?**

A. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
B. संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (USAID)
C. विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)
D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**32. अनुदान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 282 के तहत संघ या राज्य किसी भी सार्वजनिक उद्देश्य के लिये धनराशि प्रदान कर सकते हैं, भले ही उनके पास इस पर विधायी प्राधिकार न हो।
2. अनुच्छेद 282 के अंतर्गत दिये गए अनुदान विवेकाधीन हैं और वित्त आयोग की सिफारिशों द्वारा शासित नहीं हैं।
3. अनुच्छेद 270 और 275 के अनुसार वित्त आयोग संघीय कर राजस्व में राज्यों का हिस्सा निर्धारित करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**33. स्वावलंबिनी कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नीति आयोग के सहयोग से पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. यह एक महिला उद्यमिता कार्यक्रम है जिसे पूर्वोत्तर उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**34. माउंट तरानाकी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विशिष्ट सममित संरचना वाला एक स्ट्रेटो ज्वालामुखी है।
2. इसका निर्माण ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के नीचे प्रशांत प्लेट के अंत: ग्रसन से हुआ था।
3. हाल ही में इसे लीगल पर्सनहुड का दर्जा दिया गया है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**35. मस्टेलिडे परिवार से संबंधित ये स्तनधारी समुद्री और मीठे जल दोनों में पाए जाते हैं। जम्मू और कश्मीर में, उन्हें स्थानीय रूप से वोदुर के नाम से जाना जाता है और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हाल ही में, उन्हें कश्मीर की गुरेज़ घाटी में देखा गया, जो 25 वर्षों में पहली बार लाइव डॉक्यूमेंटेशन है।**

**उपर्युक्त विशेषताओं के आधार पर किस प्रजाति का वर्णन किया जा रहा है?**

A. यूरेशियन ओटर
B. भारतीय पैंगोलिन
C. हिमालयन मर्मोट
D. लाल चीन की भालू

**36. समाचारों में चर्चित नई दिल्ली मेटैलो-बीटा-लैक्टामेज़ 1, को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?**

A. यह टीका प्रतिजैविक-प्रतिरोधी जीवाणु से लड़ने के लिये विकसित किया गया है।
B. यह एक एंज़ाइम है जो जीवाणु को अनेक एंटीबायोटिक (प्रतिजैविक) दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बनाता है।
C. यह एक प्रकार का जीवाणु है जो गंभीर श्वसन संक्रमण का कारण बनता है।
D. यह केवल वायरस (विषाणु) में पाया जाने वाला जीन है जो उनकी प्रतिकृति में वृद्धि करता है।

**37. भारत में निजी सदस्य विधेयक से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका मसौदा तैयार करने की ज़िम्मेदारी संबंधित विषय की देखरेख करने वाले मंत्री की है।
2. सदन में इसे प्रस्तुत करने से पहले न्यूनतम एक माह की सूचना अवधि आवश्यक है।
3. सदन द्वारा इसकी अस्वीकृति से सरकार के संसदीय विश्वास पर कोई असर नहीं पड़ता।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय नौसेना का द्विवार्षिक और सबसे बड़ा समुद्री अभ्यास है जो सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल की भागीदारी से समुद्री खतरों के खिलाफ संयुक्त अभियानों को सुदृढ़ बनाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. इसका आयोजन हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में 3 माह (जनवरी-मार्च 2025) की अवधि में किया जा रहा है।
3. इसमें बंदरगाह और समुद्री चरण शामिल हैं, जिनमें युद्ध संचालन, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, लाइव हथियार फायरिंग और जलस्थलीय अभ्यास (AMPHEX) शामिल हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सा अभ्यास उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित होता है?**

A. ट्रोपेक्स-25
B. मालाबार अभ्यास
C. रिमपैक
D. वरुण अभ्यास

**39. राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।
2. यह क्षेत्रीय दौरे, शिकायत निवारण, नीति समीक्षा करने के साथ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का स्वत: संज्ञान ले सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**40. लिम्फेटिक फाइलेरियासिस (एलिफेंटियासिस) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लिम्फेटिक फाइलेरियासिस एक वायरस के कारण होता है।
2. यह रोग मच्छरों के काटने से संचरित होता है।
3. यह लसीका तंत्र को नुकसान पहुँचाता है, जिससे शरीर के अंगों में सूजन आ जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**41. एशियाई हाथियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये ध्यान आकर्षित करने और भावनाओं को व्यक्त करने के लिये तुरही, दहाड़, गड़गड़ाहट और चहचहाने का उपयोग करते हुए संवाद करते हैं।
2. ये अफ्रीकी हाथियों से छोटे होते हैं तथा इनके कान आनुपातिक रूप से छोटे होते हैं।
3. इन्हें IUCN रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**42. बॉम्बे ब्लड ग्रुप शब्द का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जा सकता है?**

A. यह एक दुर्लभ रक्त समूह है जिसमें H एंटीजन की अनुपस्थिति होती है, जिसके कारण यह O-नेगेटिव सहित अन्य सभी रक्त समूहों के साथ असंगत होता है।
B. यह एक सार्वभौमिक दाता रक्त समूह है जिसे किसी भी रक्त समूह वाले व्यक्ति को सुरक्षित रूप से दिया जा सकता है।
C. यह O रक्त समूह का एक प्रकार है जिसे A, B, AB, या O रक्त समूह वाले व्यक्तियों को बिना किसी प्रतिबंध के दिया जा सकता है।
D. यह AB रक्त समूह का एक उपप्रकार है जिसमें आधान हेतु बेहतर अनुकूलता होती है।

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पृथ्वी की आंतरिक कोर एक गर्म, सघन गोला है जो मुख्य रूप से लोहे और निकल से बनी है।
2. पृथ्वी के आंतरिक और बाह्य कोर के बीच की सीमा को लेहमैन असंबद्धता कहा जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**44. हार्मोनाइज्ड सिस्टम (HS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पहचान, टैरिफ निर्धारण और व्यापार सांख्यिकी की सुविधा प्रदान करता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एकरूपता सुनिश्चित होती है।
2. इसका प्रबंधन विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा किया जाता है।
3. इसे प्रत्येक पाँच वर्ष में संशोधित किया जाता है और इसमें छह अंकों का कोड उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**45. मिर्गी के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. मिर्गी एक विकार है, जो मस्तिष्क में असामान्य विद्युतीय गतिविधियों के कारण होती है।
2. राष्ट्रीय मिर्गी दिवस 17 नवंबर को मनाया जाता है ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**46. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्गम गुजरात की पावागढ़ पहाड़ियों से होता है।
2. इसे ढाढर और खानपुर जैसी सहायक नदियों द्वारा पोषित किया जाता है
3. गुप्त और वल्लभी शासन के दौरान इसके तटों पर प्राचीन बस्तियाँ थीं, जिसमें अंकोटक्का भी शामिल है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी नदी उपरोक्त विशेषताओं को परिभाषित करती है?**

A. माही नदी

B. विश्वामित्री नदी

C. साबरमती नदी

D. तापी नदी

**47. कभी-कभी समाचारों में रहने वाला आइंस्टीन क्रॉस निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. चार ग्रहों की एक पंक्ति वाली एक नई खोजी गई बाह्यग्रह प्रणाली

B. अंतरिक्ष दूरबीन, जिसे गहन अंतरिक्ष में होने वाली ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है

C. उत्तरी गोलार्द्ध में दिखाई देने वाला एक क्रॉस जैसा तारामंडल पैटर्न

D. एक गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग घटना, जो एक दूरस्थ आकाशगंगा की चार अलग-अलग इमेज बनाती है

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान की नौवीं अनुसूची, जिसे प्रथम संशोधन अधिनियम, 1951 द्वारा प्रस्तुत किया गया था, में उन कानूनों को सूचीबद्ध किया गया जिन्हें न्यायालयों में चुनौती नहीं दी जा सकती तथा उन्हें न्यायिक समीक्षा से संरक्षण प्रदान किया गया।
2. वर्ष 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से अनुच्छेद 19(1)(f) और अनुच्छेद 31 को निरस्त कर संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने अंत्योदय अर्थात समाज में सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और सर्वाधिक सुविधावंचितों की आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया।
2. उनके "समग्र मानवतावाद" के दर्शन में कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और आत्मनिर्भरता पर ज़ोर दिया गया।
3. राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को सम्मान देने के लिये 25 सितंबर 2014 से उनकी जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित होता है?**

A. दीनदयाल उपाध्याय
B. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
C. विनोबा भावे
D. लाला लाजपत राय

**50. यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्टॉकहोम अभिसमय (1960) के तहत स्थापित आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड का अंतर-सरकारी संगठन है।
2. भारत EFTA के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**51. ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी आउटलुक रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा प्रकाशित की जाती है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)
B. विश्व आर्थिक मंच (WEF)
C. विश्व बैंक
D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**52. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (आरपी अधिनियम, 1951) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धारा 8(1) के अनुसार, चुनावी अपराध, भ्रष्टाचार या सांप्रदायिक घृणा अपराधों के लिये दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति को छह वर्ष के अयोग्य कर सकता है।
2. धारा 8(3) में प्रावधान है कि दो या अधिक वर्ष के कारावास की सजा पाने वाला व्यक्ति रिहाई के बाद छह वर्ष तक अयोग्य हो जाता है।
3. धारा 11 के अनुसार, भारत का निर्वाचन आयोग (ECI) विशिष्ट मामलों में किसी दोषी व्यक्ति की अयोग्यता अवधि को समाप्त कर सकता है या कम कर सकता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**53. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. इसे शुरू में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था और बाद में इसे राष्ट्रीय उद्यान में अपग्रेड कर दिया गया।
2. शुष्क पर्णपाती वनों से आच्छादित इस क्षेत्र में करधई, खैर और सलाई प्रमुख वृक्ष प्रजातियाँ हैं।
3. चंबल नदी की एक महत्त्वपूर्ण सहायक नदी इसके भूभाग से होकर बहती है।

**निम्नलिखित में से कौन सा संरक्षित क्षेत्र उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छे ढंग से वर्णित है?**

A. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
B. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
C. माधव राष्ट्रीय उद्यान
D. कुनो राष्ट्रीय उद्यान

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**54. फोर्ट विलियम से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कोलकाता में दामोदर नदी के पूर्वी तट पर स्थित है।
2. मूल किले का निर्माण वर्ष 1696 में विलियम बेंटिक के अधीन अंग्रेज़ों द्वारा किया गया था।
3. हाल ही में इसका नाम बदलकर विजय दुर्ग कर दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**55. प्रश्न. भारत के संयुक्त अभ्यास से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

| देश | अभ्यास |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | शक्ति |
| बांग्लादेश | संप्रीति |
| चीन | हैंड इन हैंड |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**56. जूनोटिक रोगों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सभी जूनोटिक रोग विषाणुओं के कारण होते हैं।
2. जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई से जूनोटिक रोग फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**57. 19वीं सदी के भारत में सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यंग बंगाल आंदोलन का नेतृत्व हेनरी विवियन डेरोज़ियो ने किया तथा इसमें तर्कवाद और स्वतंत्र विचार पर ज़ोर दिया गया।
2. ब्रह्म समाज ने मूर्ति पूजा और जाति-आधारित भेदभाव का विरोध किया।
3. वहाबी आंदोलन एक इस्लामी पुनरुत्थानवादी आंदोलन था जिसने ब्रिटिश शासन का विरोध किया और इस्लामी सिद्धांतों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय दंड संहिता (IPC), 1860 के तहत, किसी पुरुष और उसकी पत्नी, जो 18 वर्ष से कम आयु की न हो, के बीच यौन संबंध बलात्कार नहीं माना जाता।
2. यद्यपि वैवाहिक बलात्कार कोई अपराध नहीं है, फिर भी एक महिला यौन दुर्व्यवहार, अपमान या गरिमा के उल्लंघन के लिये घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत राहत की मांग कर सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**59. निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा राज्य म्यांमार के साथ सीमा साझा करता है?**

1. अरुणाचल प्रदेश
2. नगालैंड
3. मणिपुर
4. असम

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 4
D. 1, 2 और 3

**60. एशियाई मत्स्य पालन और जलीय कृषि फोरम ( AFAF ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका आयोजन एशियाई मत्स्य पालन सोसायटी ( AFS) द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष में किया जाता है, जिसका मुख्यालय बैंकॉक, थाईलैंड में है।
2. 14वें AFAF की मेज़बानी भारत द्वारा "ग्रीनिंग द ब्लू ग्रोथ इन एशिया-पैसिफिक" विषय पर की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (B) | 3. (C) | 4. (A) | 5. (A) | 6. (B) | 7. (B) | 8. (A) | 9. (D) | 10. (A) |
| 11. (B) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (C) | 15. (D) | 16. (D) | 17. (A) | 18. (A) | 19. (D) | 20. (B) |
| 21. (D) | 22. (A) | 23. (A) | 24. (A) | 25. (C) | 26. (A) | 27. (C) | 28. (C) | 29. (C) | 30. (A) |
| 31. (B) | 32. (C) | 33. (B) | 34. (C) | 35. (A) | 36. (B) | 37. (B) | 38. (A) | 39. (B) | 40. (B) |
| 41. (C) | 42. (A) | 43. (C) | 44. (B) | 45. (B) | 46. (B) | 47. (D) | 48. (C) | 49. (A) | 50. (D) |
| 51. (B) | 52. (C) | 53. (D) | 54. (A) | 55. (B) | 56. (B) | 57. (D) | 58. (B) | 59. (D) | 60. (B) |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

# व्याख्या

1.

उत्तर: C

व्याख्या:

टोकनाइज़ेशन:

- भारत में **कार्ड टोकनाइज़ेशन** एक महत्त्वपूर्ण **तकनीकी** प्रगति बन गई है, **जिससे डिजिटल भुगतान** में **सुरक्षा और ग्राहक सुविधा** बढ़ गई है।
  - दिसंबर 2024 तक **91 करोड़ से अधिक टोकन जारी** किये गए और **लगभग 98% ई-कॉमर्स लेनदेन** को वास्तविक कार्ड डेटा के बिना संसाधित करने में सक्षम बनाया गया, जिससे **डेटा उल्लंघनों का जोखिम कम** हो गया।
  - **टोकनाइज़ेशन:** यह वास्तविक कार्ड विवरण के स्थान पर एक **अद्वितीय कोड या "टोकन"** देता है, जो लेनदेन के दौरान एक **सुरक्षित पहचानकर्त्ता** के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - **प्रकार: डिवाइस टोकेनाइज़ेशन** (प्रत्येक **डिवाइस** के लिये विशिष्ट) और **कार्ड-ऑन-फाइल टोकेनाइज़ेशन** (प्रत्येक **व्यापारी** के लिये विशिष्ट)।
    - टोकन व्यापारियों को **संवेदनशील कार्ड विवरण** संग्रहीत करने से **रोकते हैं,** तथा सुरक्षा भंग होने की स्थिति में ग्राहकों की जानकारी सुरक्षित रखते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
    - टोकनाइज़ेशन के **ई-कॉमर्स से आगे बढ़कर** संपर्क रहित भुगतान, आवर्ती लेनदेन और संभावित रूप से **UPI-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड भुगतान** तक बढ़ने की उम्मीद है।
    - **अक्तूबर 2022** में, RBI ने आदेश दिया कि **व्यापारी और भुगतान प्रोसेसर** अब ग्राहक कार्ड डेटा संग्रहीत नहीं करेंगे, पूरी तरह से टोकनाइज़ेशन पर निर्भर रहेंगे।

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

रिट:

- रिट **संविधानिक न्यायालयों** द्वारा भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 32 और 226** के तहत **नागरिकों के अधिकारों की रक्षा** के लिये जारी किया गया एक विधिक आदेश है। इसका अंगीकरण अंग्रेज़ी के **"प्रिरोगेटिव रिट"** से किया गया है।
- **रिट जारी करने का प्राधिकार:**
  - **सर्वोच्च न्यायालय (अनुच्छेद 32): केवल मूल अधिकारों (FR)** के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **उच्च न्यायालय (अनुच्छेद 226): मूल अधिकारों** और **अन्य विधिक अधिकारों** के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **1950 से पूर्व: केवल कलकत्ता, बम्बई और मद्रास** उच्च न्यायालयों को रिट जारी करने का अधिकार था।
  - **संसद (अनुच्छेद 32 के तहत): किसी अन्य न्यायालय को रिट जारी करने का** अधिकार दे सकती है, लेकिन अभी तक **ऐसा कोई प्रावधान नहीं** किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मानस **नदी बेसिन** भूटान में सबसे बड़ी है, जो उत्तर से दक्षिण की ओर बहते हुए भूटान में 272 कि.मी. तथा असम में 104 कि.मी. तक **प्रवाहित होती है तथा** फिर **ब्रह्मपुत्र** और अंतत: बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।
  - यह भूटान की सबसे लंबी नदी भी है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- यह दक्षिणी भूटान और भारत के बीच हिमालय की तलहटी में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है** ।

**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMA):**

- ओपन मार्केट ऑपरेशंस से तात्पर्य **सरकार द्वारा जारी बॉण्डों की खुले बाज़ार में खरीद और बिक्री** से है।
  - OMA उन मात्रात्मक उपकरणों में से एक है जिसका उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक वर्ष भर तरलता की स्थिति को सुचारू बनाने तथा **ब्याज दर और मुद्रास्फीति दर के स्तर** पर **इसके प्रभाव को न्यूनतम** करने के लिये करता है।
- **मात्रात्मक उपकरण** नकद आरक्षित अनुपात (CRR), बैंक दर या खुले बाज़ार परिचालन में परिवर्तन करके मुद्रा आपूर्ति की सीमा को नियंत्रित करते हैं।
- **गुणात्मक साधनों** में वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देने से हतोत्साहित या प्रोत्साहित करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा अनुनय-विनय शामिल है, जो नैतिक अनुनय, मार्जिन आवश्यकता आदि के माध्यम से किया जाता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**5.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में घरेलू कार्य से संबंधित कानून:**

- **कोई समर्पित केन्द्रीय कानून नहीं:** घरेलू कामगारों को मुख्यधारा के श्रम कानूनों से बाहर रखा गया है क्योंकि **"कर्मचारी"** और **"कार्यस्थल"** की परिभाषाएँ घरेलू कार्य को कवर नहीं करती हैं, जिसे अक्सर **"अनुत्पादक" महिला श्रम** के रूप में देखा जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- घरेलू कामगारों की सुरक्षा के लिये केंद्रीय कानून पारित करने के क्रम में कई प्रयास किये गए, जिनमें **घरेलू कामगार (रोजगार की शर्तें) विधेयक** 1959 और **घरेलू कामगार (कार्य का विनियमन और सामाजिक सुरक्षा) विधेयक** 2017 शामिल हैं।
  - वर्ष 2019 की **राष्ट्रीय घरेलू कर्मचारी नीति** का उद्देश्य संबंधित एजेंसियों को विनियमित करना और मज़दूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करना था जिसमें **मज़दूरी**, सामाजिक सुरक्षा और लाभ शामिल हैं। हालाँकि, इनमें से **कोई भी प्रस्तावित कानून लागू नहीं** किया गया।
- **कमज़ोर विधिक सुरक्षा:**
  - **असंगठित क्षेत्र सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008:** इसके तहत **कुछ लाभ प्रदान किये गए** लेकिन बाद में इसे सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया, जिसे **लागू नहीं** किया गया है। **अतः: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948:** इसके तहत घरेलू कार्य को मान्यता दी गई है लेकिन **केवल 10 राज्यों** ने घरेलू श्रमिकों के लिये न्यूनतम मज़दूरी निर्धारित की है।
  - **कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013:** इसके तहत घरेलू कामगारों को शामिल किया गया है लेकिन **इसमें प्रवर्तन तंत्र का अभाव** है।
  - **बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986:** वर्ष 2006 में भारत ने 14 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों के घरेलू कार्य नियोजन पर प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि इसे **"परिसंकटमय बालक श्रम"** माना गया था, लेकिन बालक श्रम अधिनियम, 1986, के तहत 14 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को घरों में काम करने की अनुमति है, क्योंकि इसे **"सुरक्षित"** स्थान माना जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (NCGTC):**

- **परिचय:** NCGTC एक **उभयनिष्ठ न्यासी कंपनी** है जो **विभिन्न ऋण गारंटी न्यास निधियों** का प्रबंधन और संचालन

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

करती है, ताकि उधारकर्त्ताओं को उधारदाताओं के साथ **उधार जोखिम साझा** कर वित्त प्राप्ति में सहायता प्रदान की जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह **MSME, स्टार्टअप और सुभेद्य समूहों** जैसे वंचित क्षेत्रों में **ऋण विस्तार को प्रोत्साहित** करते हुए ऋणदाताओं (जैसे **बैंक और वित्तीय संस्थान) को ऋण गारंटी प्रदान करता है**।

- **स्थापना:** इसकी स्थापना **मार्च 2014** में **कंपनी अधिनियम, 1956** के तहत **10 करोड़ रुपए** की चुकता पूंजी के साथ की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह एक **निजी लिमिटेड कंपनी** है जिस पर **पूर्णत: भारत सरकार का स्वामित्व है** तथा यह **वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के अधीन संचालन करती है। अत: कथन 3 सही है।**
- **कवरेज:** NCGTC वर्तमान में **MCGS-MSME**, **माइक्रो यूनिट्स हेतु क्रेडिट गारंटी फंड (CGFMU)**, **इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ECLGS)** सहित **14 समर्पित ऋण गारंटी ट्रस्ट योजनाओं का प्रबंधन करती है**।

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में जेंडर बजटिंग:**

- **परिचय:** जेंडर बजटिंग एक **रणनीतिक उपकरण** है जिसका उपयोग सरकारों द्वारा **विभिन्न जेंडरों की विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर** कुशलतापूर्वक संसाधनों को आवंटित करने के लिये किया जाता है।
  - यह सुनिश्चित करता है कि नीतियाँ और संसाधनों का आवंटन लैंगिक संवेदनशील हो और मौजूदा ढाँचों के भीतर विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करे।
- **पृष्ठभूमि:** भारत की लैंगिक समता प्रतिबद्धता, **महिलाओं के खिलाफ भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर सम्मेलन (CEDAW), 1979 के 1993** में अनुसमर्थन से प्रारंभ होकर **वर्ष 2005-06 में प्रथम जेंडर बजट स्टेटमेंट** का कारण बनी, और तब से इसे प्रतिवर्ष शामिल किया जाता रहा है, जो लैंगिक-संवेदनशील नीतियों पर निरंतर ध्यान को दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - जेंडर बजटिंग **मिशन शक्ति की सामर्थ्य उप-योजना के अंतर्गत** आती है।
- **बजट में वृद्धि: वित्त वर्ष 2025-26 के लिये जेंडर बजट** 4.49 लाख करोड़ रुपए (कुल केंद्रीय बजट 2025-26 का 8.86%) है, जो **वित्त वर्ष 2024-25 के लिये 3.27 लाख करोड़ रुपए से 37.5%** अधिक है।
  - **GBS वर्ष 2025-26 भारत का अब तक का सबसे बड़ा जेंडर बजट है,** जो महिलाओं के कल्याण, शिक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देता है, जिसमें 49 मंत्रालय लैंगिक-विशिष्ट आवंटन की रिपोर्ट करते हैं। **इसलिये, कथन 2 सही है।**

**8.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) SEBI अधिनियम, 1992 के तहत स्थापित एक **वैधानिक निकाय (एक गैर-संवैधानिक निकाय)** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका गठन 12 अप्रैल 1988 को भारत सरकार के एक प्रस्ताव के माध्यम से एक गैर-सांविधिक निकाय के रूप में किया गया था।
- SEBI से पूर्व, पूंजीगत मुद्दों (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 के तहत शासित पूंजीगत मुद्दों का नियंत्रक, **पूंजी बाज़ारों के लिये नियामक प्राधिकरण** था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- SEBI का मुख्य कार्य प्रतिभूतियों में निवेशकों के हितों की रक्षा करना तथा भारत में प्रतिभूति बाज़ार को बढ़ावा देना और विनियमित करना है।
- SEBI के बोर्ड में एक अध्यक्ष तथा अन्य पूर्णकालिक एवं अंशकालिक सदस्य शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (SAT) SEBI के निर्णयों के खिलाफ अपीलों का निपटारा करता है**, जिसके पास सिविल कोर्ट के समान शक्तियाँ हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- यह जारीकर्त्ताओं को वित्त जुटाने में सक्षम बनाता है, निवेशकों के लिये सुरक्षा और सटीक जानकारी सुनिश्चित करता है, तथा मध्यस्थों के लिये प्रतिस्पर्द्धी बाज़ार को बढ़ावा देता है।

**9.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **पार्वती अरगा रामसर साइट** गंगा के मैदानों के **तराई क्षेत्र** में स्थित एक **चिरस्थाई अलवणीय जल का पारिस्थितिकी तंत्र** है।
- इसमें **दो ऑक्सबो झीलें हैं**- पार्वती और अरगा, जो **प्राकृतिक रूप से वर्षा आश्रित** हैं। **गोखुर अथवा ऑक्सबो झीलें U आकार की झीलें** होती हैं, जिनका निर्माण किसी **नदी के घुमावदार मार्ग के कटने पर** होता है, जिससे एक **अलग जल क्षेत्र** का निर्माण होता है।
- इसके निकटवर्ती **टिकरी वन** को भी **इको-पर्यटन स्थल** के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिससे इस स्थल का पारिस्थितिकीय और मनोविनोदात्मक महत्त्व और अधिक उजागर होगा।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**10.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पोटोमैक नदी पश्चिमी वर्जीनिया, अमेरिका के **पोटोमैक रिवर हाइलैंड्स से उद्गमित होती है और वर्जीनिया, मैरीलैंड, वाशिंगटन डीसी से प्रवाहित होते हुए चेसापीक बे में गिरती है। अतः कथन 1 सही है।**
  - चेसापीक बे अमेरिका की सबसे बड़ी और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ज्वारनदमुख (Estuary) है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - ज्वारनदमुख (Estuary) एक **अर्द्ध-संलग्न तटीय क्षेत्र है**, जहाँ नदियों का ताज़ा जल समुद्र के खारे जल से मिलता है, जिससे एक अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होता है।
- पोटोमैक नदी, **जिसे प्रायः "अमेरिका की नदी" के रूप में जाना जाता** है, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

**11.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **ग्रामीण क्रेडिट स्कोर:**
  - **परिचय:** इसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा **ग्रामीण परिवेश के व्यक्तियों की ऋण पात्रता का आकलन करने** तथा ऋण प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में **उधारकर्त्ताओं (ऋण प्राप्तकर्त्ता) का अधिक सटीक मूल्यांकन** प्रदान कर **ऋण चुकौती अनुशासन में सुधार लाना** तथा **धोखाधड़ी** को कम करना है।
- **प्रभाव:** यह **माइक्रोफाइनेंस को मज़बूत करेगा, वित्तीय समावेशन** को बढ़ावा देगा तथा कृषि, ग्रामीण विकास और MSME जैसे क्षेत्रों को सहायता प्रदान करेगा।
  - GCS मौजूदा **माइक्रोफाइनेंस मॉडलों** का पूरक होगा तथा ऋणों के मूल्यांकन के लिये CIBIL और CRIF **हाईमार्क जैसे क्रेडिट स्कोर** के साथ मिलकर कार्य करेगा।
  - इस **स्कोर को स्वामित्व योजना** के साथ एकीकृत किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**12.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय बजट 2025-26 में **₹1 लाख करोड़** के **शहरी चुनौती कोष** की घोषणा की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- इसका उद्देश्य **'शहरों को विकास केंद्र', 'शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास'** और **'जल एवं स्वच्छता'** के तहत पहलों का समर्थन करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके अतिरिक्त, यह कोष **बैंक योग्य परियोजनाओं** की लागत का **25%** तक कवर करेगी, बशर्ते कि **कम से कम 50%** वित्तपोषण **बॉण्ड, बैंक ऋण या सार्वजनिक-निजी भागीदारी** (PPP) के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **वित्तीय वर्ष 2025-26** के लिए **₹10,000 करोड़** का आवंटन प्रस्तावित किया गया है।

13.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में कोयला भंडार और जलवायु वित्तपोषण:**

- भारत में **विश्व के कोयला भंडार का 10% हिस्सा है,** लेकिन प्राकृतिक गैस भंडार का केवल 0.7% ही है, जिससे कोयला देश में सबसे विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा स्रोत बन गया है।
- **बाकू, अज़रबैजान** में आयोजित **UNFCCC COP 29** में विकसित देशों ने वार्षिक जलवायु वित्तपोषण के लिये केवल **300 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का वादा किया, जो आवश्यक **1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** से कम है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - परिणामस्वरूप भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों में संशोधन करना पड़ सकता है तथा कोयले पर अपनी निर्भरता बनाए रखने के लिये बाध्य होना पड़ सकता है

**केंद्रीय बजट में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र हेतु की गई घोषणाएँ :**

- **सीमा शुल्क छूट: कोबाल्ट पाउडर, लिथियम-आयन बैटरी स्क्रैप, सीसा, जस्ता** और 12 अन्य क्रांतिक खनिजों को **मूल सीमा शुल्क से छूट** प्रदान दी गई है।
- जुलाई 2024 में **घरेलू स्तर पर उपलब्ध न होने वाले 25 क्रांतिक खनिजों को सीमा शुल्क से छूट दी गई।**
- **नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन (NCMM): प्रौद्योगिकी विकास,** कुशल कार्यबल सृजन और स्वच्छ ऊर्जा हेतु **वित्तपोषण तंत्र के लिये NCMM** को वर्ष **2025-26** के लिये 410 करोड़ रुपए आवंटित किये गए।
  - **खान मंत्रालय** के अंतर्गत NCMM का उद्देश्य **घरेलू उत्पादन को बढ़ाना, क्रांतिक खनिजों का पुनर्चक्रण करना** और **वैश्विक खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करना** है।
- **परमाणु ऊर्जा मिशन: परमाणु ऊर्जा मिशन के लिये 20,000 करोड़ रुपए** का बजट आवंटित किया गया है, जिसका उद्देश्य **स्वदेशी लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR)** विकसित करना है।
  - इसका लक्ष्य वर्ष **2033 तक कम-से-कम पाँच SMR रिएक्टरों का परिचालन करना है। अतः कथन 2 सही है।**
  - **भारत लघु रिएक्टर (BSR)** और **भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (BSMR)** के विकास में निजी क्षेत्र को शामिल किया जाएगा।

14.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत का त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम **डॉ. होमी भाभा द्वारा तैयार किया गया है। अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य **भारत के सीमित यूरेनियम संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करना** तथा **थोरियम की क्षमता को अधिकतम करना** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रथम चरण में विद्युत का उत्पादन, उपोत्पाद के रूप में प्लूटोनियम-239 (Pu-239) का उत्पादन किया, तथा दाबित भारी जल रिएक्टरों (PHWRs) में ईंधन के रूप में यूरेनियम (U-238) का प्रयोग किया जाता है।
- **दूसरे चरण में, फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (FBR)** अधिक विखंडनीय सामग्री उत्पन्न करने के लिये Pu-239 का उपयोग कर यूरेनियम-238 को Pu-239 में परिवर्तित करते हैं तथा परमाणु ईंधन चक्र को बढ़ाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- तीसरा चरण थोरियम-आधारित रिएक्टरों पर केंद्रित है, जिसमें थोरियम-232 का उपयोग करके यूरेनियम-233 का उत्पादन किया जाएगा, जो भारत की परमाणु ऊर्जा आवश्यकताओं के लिये एक सतत् दीर्घकालिक समाधान प्रदान करेगा।

**15.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1977 में अपनाई गई बुडापेस्ट संधि सूक्ष्मजीवों के लिये अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट प्रक्रिया पर केंद्रित है, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को जमा किये गए सूक्ष्मजीवों को पेटेंट आवेदनों के हिस्से के रूप में मान्यता प्रदान करने की आवश्यकता होती है, भले ही डिपॉजिटरी अथॉरिटी का स्थान कुछ भी हो। इससे पेटेंट सुरक्षा के लिये कई राष्ट्रीय प्राधिकरणों को सूक्ष्मजीवों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।
- इस बीच, 30 सितंबर, 2016 को लागू हुई **मारकेश वीआईपी संधि,** कॉपीराइट कानून में अपवाद स्थापित करके, अंधेपन या दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिये विशेष रूप से अनुकूलित पुस्तकों के उत्पादन और अंतर्राष्ट्रीय हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करती है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**16.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **कैरेबियन सागर और उत्तरी अटलांटिक महासागर** के बीच स्थित हैती , हिस्पानियोला द्वीप के पश्चिमी तिहाई भाग पर स्थित है, जिसकी सीमा **पूर्व में डोमिनिकन गणराज्य,** पश्चिम में जमैका और उत्तर-पश्चिम में क्यूबा से लगती है।
- इसकी **आधिकारिक भाषाएँ फ्रेंच और हैतीयन क्रियोल** हैं। हैती ऐतिहासिक रूप से विश्व के पहले स्वतंत्र अश्वेत नेतृत्व वाले गणराज्य के रूप में महत्त्वपूर्ण है, जिसने सदियों तक स्पेनिश और फ्रेंच शासन के बाद स्वतंत्रता प्राप्त की।
- यह राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, कमज़ोर शासन, आर्थिक कठिनाई, दंडमुक्ति की भावना और अवैध हथियारों के प्रवाह से प्रेरित है, जो व्यापक विस्थापन से और भी जटिल हो गया है।
- भारत और हैती के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं तथा वर्ष **1996 में दोनों देशों** के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। भारत ने ITEC कार्यक्रम के माध्यम से सहायता प्रदान की तथा 1995 में शांति सेना भेजी।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**17.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA)** का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2023 में **प्रोजेक्ट टाइगर** की **50वीं वर्षगांठ पर** किया गया था और फरवरी 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इसका औपचारिक अनुमोदन किया गया था।
- IBCA की स्थापना **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC)** के तहत **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के माध्यम से की गई थी। अत: कथन 1 सही है।**
- यह **संरक्षण विशेषज्ञता का साझाकरण** करने, **संरक्षण पहलों को वित्तपोषित करने** तथा **प्राविधिक ज्ञान का संग्रह** बनाने के लिये एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है।
- इस पहल का मुख्य उद्देश्य **बिग कैट की सात प्रमुख प्रजातियों का संरक्षण करना** है जिनमें **बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर** और **प्यूमा** शामिल हैं।
    - भारत में बिग कैट की सात प्रजातियों में से पाँच पाई जाती हैं: **बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता**। हालाँकि, **जगुआर** और **प्यूमा** देश में नहीं पाए जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**18.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राजभाषा से संबंधित प्रमुख संवैधानिक प्रावधान:**

- **अनुच्छेद 345:** संविधान के अनुच्छेद 345 में कहा गया है कि राज्य विधानमंडल आधिकारिक उद्देश्यों के लिये इस्तेमाल की जाने वाली **एक या अधिक भाषाओं** का चयन कर सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसमें **राज्य में पहले से बोली जाने वाली भाषा या भाषाएँ, या हिंदी** शामिल हैं।
- **अनुच्छेद 347:** संविधान का अनुच्छेद 347 **राज्य की आबादी के एक वर्ग द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं की मान्यता** से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - राज्य की आबादी के एक बड़े हिस्से के अनुरोध पर यह **राष्ट्रपति** को ऐसी **भाषाओं को आधिकारिक रूप से मान्यता देने का** अधिकार प्रदान करता है।
  - यह प्रावधान **राज्य के आधिकारिक ढाँचे में क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल करने की अनुमति प्रदान करता है,** जिससे भाषाई समावेशिता सुनिश्चित होती है।
- **अनुच्छेद 350A:** संविधान के **अनुच्छेद 350A के तहत राज्यों को भाषाई अल्पसंख्यक समूहों** के बच्चों के लिये **मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान करने की आवश्यकता है।** यह **प्राथमिक शिक्षा पर लागू होता है।**
- **अनुच्छेद 351:** संविधान का अनुच्छेद 351 राज्यों के अपनी आधिकारिक भाषाओं को बढ़ावा देने के भाषाई अधिकारों का हनन किये **बिना, संपर्क भाषा** के रूप में **हिंदी के प्रसार को बढ़ावा देने का प्रावधान प्रदान करता है।**

19.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के अध्ययन के आधार पर **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (ICRIER)** द्वारा तैयार की गई **भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति (SIDE) रिपोर्ट 2024,** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है।
- यह रिपोर्ट भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास, प्रदर्शन और प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जिसमें डिजिटल बुनियादी ढाँचे, ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी अपनाने जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

20.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

- उमंग भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक व्यापक मोबाइल एप्लिकेशन है, जो एक **एकीकृत, सुरक्षित और मल्टी-चैनल प्लेटफॉर्म** प्रदान करता है जो विभिन्न **केंद्रीय और राज्य सरकार के संगठनों** से आवश्यक सेवाओं तक पहुँच प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसे कई भाषाओं और प्लेटफार्मों का समर्थन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो एक मज़बूत बैकएंड सिस्टम के माध्यम से निर्बाध सेवा वितरण सुनिश्चित करता है।
- **डिजिटल इंडिया भाषिणी** भारत का **AI-संचालित भाषा अनुवाद मंच** है, जिसका उद्देश्य **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के तहत भाषाई बाधाओं को दूर करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **भाषिणी प्लेटफॉर्म आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) संसाधनों** तक पहुँच की सुविधा प्रदान करता है, जिससे उन्हें सार्वजनिक डोमेन में **MSME, स्टार्टअप और व्यक्तिगत नवप्रवर्तकों** के लिये उपलब्ध कराया जाता है।
  - इसके अतिरिक्त, **भाषिणी राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन का एक अभिन्न अंग है,** जो विभिन्न भाषाओं में डिजिटल संचार में पहुँच और समावेशिता को बढ़ाता है।
- भारत सरकार ने वित्त वर्ष **2025-26** के लिये केंद्रीय बजट 2025-26 में **इंडियाAI मिशन के लिये ₹2,000 करोड़** आवंटित किये हैं, जिसका उद्देश्य अनुसंधान, नवाचार और विभिन्न क्षेत्रों में AI-संचालित समाधानों के विकास के माध्यम से देश के कृत्रिम बुद्धिमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

21.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- ऑकलैंड द्वीप न्यूज़ीलैंड का एक द्वीपसमूह है, जो दक्षिण द्वीप से 465 किमी. (289 मील) दक्षिण में स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

- फरासन द्वीप सऊदी अरब से संबंधित लाल सागर में जीज़ान के तट से लगभग 40 किमी. दूर प्रवाल द्वीपों का एक लघु समूह है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- मैक्वेरी द्वीप ऑस्ट्रेलिया स्थित है। यह सबअंटार्कटिक द्वीप समूह का हिस्सा है और इसका प्रबंधन ऑस्ट्रेलियाई अंटार्कटिक डिवीज़न द्वारा किया जाता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इवेंट होराइज़न एक ब्लैक होल के चारों ओर की सीमा होती है जहाँ गुरूत्वीय कर्षण इतना तीव्र होता है कि कुछ भी, यहाँ तक कि प्रकाश भी, बच नहीं सकता। **अत: कथन 1 सही है।**
- ब्लैक होल को **दूरबीनों का उपयोग करके प्रत्यक्ष नहीं देखा जा सकता** क्योंकि वे प्रकाश उत्सर्जित नहीं करते हैं। हालाँकि, वैज्ञानिक यह देखकर ब्लैक होल का पता लगा सकते हैं कि वे आस-पास की वस्तुओं को कैसे प्रभावित करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जापान प्रशांत महासागर के अग्नि वलय के अनुदिश स्थित है, जो उच्च विवर्तनिक सक्रियता वाला क्षेत्र है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र देश में प्राय: भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- कुरोशिओ धारा वास्तव में एक **कोष्ण महासागरीय धारा है, न कि शीत, और इसलिये यह अपने आस-पास के क्षेत्रों में तापमान बढ़ाकर** जापान की जलवायु को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, विशेष रूप से जापान के दक्षिणी तट पर। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- तमिल और तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम जैसी अन्य प्रमुख दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ, द्रविड़ भाषा परिवार से संबंधित हैं, न कि इंडो-यूरोपीय परिवार से। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संस्कृत को इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार के भीतर सबसे पुरानी प्रलेखित भाषाओं में से एक माना जाता है, जिसका सबसे पुराना रूप, वैदिक संस्कृत, लगभग 1500-500 ईसा पूर्व का है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार में दक्षिण एशिया और यूरोप दोनों में बोली जाने वाली भाषाएँ शामिल हैं, जिसमें इंडो-ईरानी (दक्षिण एशिया) और जर्मनिक, रोमांस और स्लाविक (यूरोप) जैसी शाखाएँ शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जारवा एक स्वदेशी जनजाति है जो भारत के अंडमान द्वीप समूह में रहती है। वे शिकारी-संग्राहक हैं जो हज़ारों वर्षों से द्वीपों पर रहते आ रहे हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भील जनजाति जनसंख्या के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह है। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भील जनजाति की जनसंख्या 4,618,068 थी, जो कुल अनुसूचित जनजाति की आबादी का 37.7% थी। **अत: कथन 2 सही है।**

**26.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी':**

- **'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी:** यह एक **संरक्षणवादी रणनीति** है जिसमें **अन्य देशों को प्रभावित करते हुए** अपनी **आर्थिक स्थिति में सुधार लाने** हेतु **व्यापार अवरोधों, मुद्रा अवमूल्यन और सब्सिडी** जैसे उपाय करना शामिल है।
- यह शब्द सर्वप्रथम **एडम स्मिथ** द्वारा **द वेल्थ ऑफ नेशंस** (1776) पुस्तक में सृष्ट किया गया था। **इस रचना में स्मिथ ने ऐसे वाणिज्यवाद की आलोचना की** जिससे **अन्य वर्ग निर्धन** हो जाता है और सभी देशों के लाभ के लिये **मुक्त व्यापार** किये जाने पर ज़ोर दिया।
- अमेरिका ने 'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी (Beggar-thy-Neighbour) के तहत **चीन, कनाडा और मैक्सिको** से होने वाले आयात पर प्रशुल्क लगाया।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

27.

उत्तर: C

व्याख्या:

- क्षुद्रग्रह **सौर मंडल के निर्माण (4.6 बिलियन वर्ष पहले) से चट्टानी, वायुहीन अवशेष हैं। वे मुख्य रूप से क्षुद्रग्रह बेल्ट** में सूर्य की परिक्रमा करते हैं, हालाँकि कुछ **पृथ्वी-पार पथ** का अनुसरण करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट मंगल और बृहस्पति के बीच** स्थित है, जिसमे **अधिकांश ज्ञात क्षुद्रग्रह शामिल हैं। इसलिए, कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 1999 में IAU (अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ)** द्वारा अपनाए गए **टोरिनो स्केल** में क्षुद्रग्रह प्रभाव जोखिमों को संभावना और गंभीरता के आधार पर **0 से 10 के पैमाने** पर वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

28.

उत्तर: C

व्याख्या:

**साहित्य अकादमी पुरस्कार:**

- यह **उपन्यास, कविता, निबंध** और **नाटक** जैसी श्रेणियों में असाधारण **साहित्यिक योगदान** को सम्मानित करते है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत का **दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है। अतः कथन 2 सही है।**
  - इसकी स्थापना वर्ष **1954 में संस्कृति मंत्रालय के** तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी।
- **पात्रता: पुरस्कार श्रेणियों** में आठवीं अनुसूची की 22 **भाषाओं** के साथ-साथ **अंग्रेज़ी** और **राजस्थानी (कुल: 24 भाषाएँ)** तथा भारतीय साहित्यिक कृतियों के **अनुवाद** शामिल हैं।
  - लेखक **भारतीय नागरिक होना चाहिये।**

29.

उत्तर: C

व्याख्या:

- रेपो रेट **(रिपर्चेज़ एग्रीमेंट रेट)** वह ब्याज दर है, जिस पर **वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक** से ऋण लेते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस प्रक्रिया में,बैंक प्रतिभूतियाँ लघु-अवधि के रूप में उपलब्ध कराते हैं तथा बाद में उन्हें अधिक कीमत पर (ब्याज सहित) पुनर्खरीद (रिपर्चेज़) करने पर सहमत होते हैं।
- यह ऋण लेने की लागत निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है **जब रेपो दर अधिक होती है,** तो बैंकों के लिये ऋण महँगा हो जाता है, **जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिये ब्याज दरें बढ़ जाती हैं,** जिससे ऋण लेने और खर्च करने की गति धीमी हो जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसके विपरीत, कम रेपो दर से ऋण लेना सस्ता हो जाता है, जिससे उधार देने और आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलता है।
- एक प्रमुख मौद्रिक नीति उपकरण के रूप में, **रेपो दर केंद्रीय बैंक को मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने** और समग्र आर्थिक विकास को प्रभावित करने में मदद करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

30.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **जलवायु अनुकूलन और शमन** जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये दो प्रमुख रणनीतियाँ हैं।
  - जबकि शमन में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, अनुकूलन में जलवायु प्रभावों को समायोजित करना शामिल होता है, और अनुकूल जलवायु-संबंधी चुनौतियों से उबरने की क्षमता को बढ़ाता है।
- **शमन प्रयासों का उद्देश्य उत्सर्जन में कटौती करके और सतत् प्रथाओं को बढ़ावा देकर** जलवायु परिवर्तन को सीमित करना है, जैसे कि **निम्न कार्बन ऊर्जा (1) में परिवर्तन,** कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों का उपयोग करना, कार्बन सिंक के रूप में जंगलों और महासागरों का संरक्षण करना, और यात्रा

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

उत्सर्जन को कम करने जैसे पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित करना।

- **अनुकूलन** रणनीतियाँ जलवायु प्रभावों के लिये तैयारी करके नुकसान को कम करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जिसमें **बढ़ते समुद्र के स्तर के खिलाफ सुरक्षा का निर्माण करना (2), जलवायु परिवर्तनों का सामना करने के लिये फसलों में विविधता लाना** (3) और चरम मौसम के खिलाफ बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करना और खाद्य अपशिष्ट को कम करना शामिल है।
- अत: **निम्न कार्बन ऊर्जा (1) में परिवर्तन** शमन उपाय हैं, जबकि **बढ़ते समुद्र के स्तर के खिलाफ बचाव का निर्माण (2)** और **जलवायु परिवर्तनों का सामना करने के लिये फसलों में विविधता लाना (3)** अनुकूलन उपाय हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**31.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या**

**संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (USAID):**

- **USAID वैश्विक मानवीय और विकास सहायता** के लिये प्राथमिक अमेरिकी एजेंसी है।
- **वर्ष 2024 में USAID को 44.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर** आवंटित किये गए जो कुल **अमेरिकी संघीय बजट का केवल 0.4%** है लेकिन **संयुक्त राष्ट्र** द्वारा ट्रैक की गई सभी मानवीय सहायता का **42% हिस्सा** है।
  - USAID द्वारा विश्व भर में **स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सहायता एवं आपदा राहत** को वित्तपोषित किया जाता है।
  - इसके तहत शीर्ष प्राप्तकर्त्ताओं में **यूक्रेन, इथियोपिया, जॉर्डन, सोमालिया और अफगानिस्तान** शामिल हैं।
- **USAID और भारत:** USAID के साथ भारत का सहयोग **वर्ष 1951 में भारत आपातकालीन खाद्य सहायता अधिनियम** के साथ शुरू हुआ, जो खाद्य सहायता से लेकर बुनियादी ढाँचे, क्षमता निर्माण एवं आर्थिक सुधारों के रूप में कई दशकों तक विकसित हुआ।
  - यह एजेंसी शिक्षा, टीकाकरण, पोलियो उन्मूलन और HIV (ह्यूमन इम्यूनोडिफिसिएंसी वायरस)/क्षय रोग (टीबी) की रोकथाम में सहयोग कर रही है।
  - ऐसा कहा जाता है कि पिछले दशक में भारत को USAID से लगभग 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए हैं (जो USAID के कुल वैश्विक वित्तपोषण का लगभग 0.2% से 0.4% है)।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- **अनुच्छेद 282** संघ और राज्यों को किसी भी सार्वजनिक उद्देश्य के लिये अनुदान देने की अनुमति देता है, भले ही वह उद्देश्य उनके विधायी क्षेत्राधिकार से बाहर हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- कर अंतरण (**अनुच्छेद 270 और 275 के तहत**) के विपरीत, अनुच्छेद 282 के तहत दिये गए अनुदान विवेकाधीन हैं एवं वित्त आयोग की सिफारिशों द्वारा शासित नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद 270 और 275** के अनुसार वित्त आयोग (FC) संघीय कर राजस्व में राज्यों का हिस्सा निर्धारित करेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**33.**

**उत्तर: B**

**एक्सप :**

- **कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) ने नीति आयोग** के सहयोग से असम, मेघालय और मिज़ोरम में **"स्वावलंबिनी"** कार्यक्रम शुरू किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारतीय उद्यमिता संस्थान (IIE), गुवाहाटी और नीति आयोग के साथ साझेदारी में, MSDE ने चरण-वार उद्यमशीलता प्रक्रिया शुरू की।
  - इसमें **उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (EAP), महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP), संकाय विकास कार्यक्रम (FDP)** और वित्तपोषण के अवसर शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- स्वावलंबिनी एक महिला उद्यमिता कार्यक्रम है जिसे **पूर्वोत्तर उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI)** में महिलाओं को उद्यमी मानसिकता, संसाधन और सलाह के साथ सशक्त बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है ताकि उन्हें व्यवसाय में सफल होने में मदद मिल सके। **अतः कथन 2 सही है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **माउंट तरानाकी,** एक आकर्षक **स्ट्रेटोवोलकैनो** जो अपने लगभग पूर्ण **सममित आकार के लिये जाना जाता है,** न्यूज़ीलैंड के सबसे प्रतिष्ठित प्राकृतिक स्थलों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका निर्माण **प्रशांत प्लेट के ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के नीचे अंतः ग्रसन के परिणामस्वरूप हुआ था,** यह एक भूवैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसने इस क्षेत्र के अधिकांश परिदृश्य को आकार दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रसुप्त होने के बावजूद, माउंट तरानाकी की बर्फ से आच्छादित चोटी एक प्रमुख विशेषता बनी हुई है, जो पर्वतारोहियों, शोधकर्त्ताओं और पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करती है।
- इसका सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्त्व बहुत अधिक है। **हाल ही में विधिक मान्यता के अंतर्गत इसे लीगल पर्सनहुड का दर्जा दिया है, जिससे** स्वदेशी और पर्यावरणीय कानूनों के तहत इसकी सुरक्षा मज़बूत हुई है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **दक्षिणी आल्प्स** में स्थित **एओराकी/माउंट कुक (3724 मीटर) न्यूज़ीलैंड का सबसे ऊँचा पर्वत** है, जबकि **माउंट तस्मान (3,497 मीटर) दूसरा सबसे ऊँचा पर्वत** है।

**35.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या**

- **यूरेशियन ओटर को हाल ही में कश्मीर के गुरेज़ घाटी में देखा गया है,** जो 25 वर्षों में इस प्रजाति का पहला लाइव डॉक्यूमेंटेशन है।
    - एक को किशनगंगा नदी में मछलियाँ खाते हुए देखा गया, जो गांदरबल ज़िले (जम्मू-कश्मीर) में कृष्णसर झील से निकलती है और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में प्रवेश करने से पहले तुलैल और गुरेज़ घाटियों से उत्तर की ओर बहती है।
- **मस्टेलिडे परिवार** से संबंधित ओटर **समुद्री और मीठे जल दोनों पारिस्थितिक तंत्रों** में निवास करते हैं और **जम्मू और कश्मीर में स्थानीय रूप से वोदुर के रूप में जाने जाते हैं,** जहाँ वे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
    - ओटर मुख्य रूप से **सुबह और शाम** (Crepuscular) **के समय सक्रिय** होते हैं।
    - **यूरेशियन ओटर हिमालय, पूर्वोत्तर भारत और पश्चिमी घाटों** में पाए जाते हैं, जो माँसाहारी होते हैं जिसमें मछली, क्रस्टेशियन, उभयचर और कभी-कभी सरीसृप, पक्षी, अंडे, कीड़े और कृमि शामिल होते हैं।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**36.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **नई दिल्ली मेटैलो-बीटा-लैक्टामेज़ 1,** एक एंज़ाइम है जो बैक्टीरिया (जीवाणु) को **बीटा-लैक्टम एंटीबायोटिक दवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला** के प्रति प्रतिरोधी बना देता है, जिसमें **कार्बापेनेम्स भी शामिल है,** जो प्रतिजैविक-प्रतिरोधी संक्रमणों के इलाज के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
- NDM-1 को कोड करने वाला जीन, कार्बापेनेमेस नामक बीटा-लैक्टामेज एंज़ाइम के उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार जीनों के एक व्यापक परिवार से संबंधित है।
- इन एंज़ाइमों का उत्पादन करने वाले बैक्टीरिया को मीडिया में अक्सर **"सुपरबग" कहा जाता है, क्योंकि इनके उपचार में चुनौतियाँ** सामने आती हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**37.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- निजी सदस्य से तात्पर्य संसद के किसी भी सदस्य (MP) से है जो मंत्री नहीं है। **निजी सदस्य के विधेयक का मसौदा तैयार करने की ज़िम्मेदारी संबंधित सदस्य की होती है, न कि संबंधित मंत्रालय की। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सरकारी विधेयकों के विपरीत, जिन्हें किसी भी दिन प्रस्तुत किया जा सकता है और उन पर चर्चा की जा सकती है, निजी सदस्य के विधेयक केवल शुक्रवार को ही प्रस्तुत किये जाते हैं और उन पर बहस की जाती है।
- **सदन में इसे पेश करने से पहले एक महीने का नोटिस देना आवश्यक है,** और यदि कई विधेयक प्रस्तावित हैं, तो बैलेट प्रणाली उनके प्रस्तुतिकरण का क्रम निर्धारित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- निजी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों पर संसदीय समिति इन विधेयकों की समीक्षा करती है तथा उन्हें तात्कालिकता और महत्त्व के आधार पर वर्गीकृत करती है।
- उल्लेखनीय रूप से, **किसी निजी सदस्य के विधेयक को अस्वीकार करने से सरकार के संसदीय विश्वास** या उसके पद पर बने रहने पर कोई असर नहीं पड़ता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- चर्चा के बाद विधेयक प्रस्तुत करने वाला सदस्य या तो मंत्री के अनुरोध पर इसे वापस ले सकता है या इसे पारित करा सकता है।

**38.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ट्रोपेक्स-25:**

- भारतीय **नौसेना का थिएटर स्तरीय ऑपरेशनल अभ्यास (ट्रोपेक्स) 2025 हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में 3 माह (जनवरी-मार्च 2025)** की अवधि में आयोजित किया जा रहा है।
- यह भारतीय नौसेना का **द्विवार्षिक और सबसे बड़ा समुद्री अभ्यास है जो सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल** की भागीदारी से **समुद्री खतरों** के खिलाफ संयुक्त अभियानों को मजबूत करता है ।
    - **उद्देश्य:** भारतीय नौसेना के **युद्ध कौशल को मान्य करना** तथा **चीन** जैसे देशों द्वारा उत्पन्न पारंपरिक, असममित और संकर समुद्री खतरों के प्रति **एकीकृत प्रतिक्रिया** सुनिश्चित करना।
    - **चरण:** यह अभ्यास बंदरगाह और समुद्र दोनों में विभिन्न चरणों में युद्ध संचालन, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध संचालन, **संयुक्त कार्य चरण तथा संयुक्त अभ्यास (एम्फेक्स)** के दौरान **लाइव हथियार फायरिंग के विभिन्न पहलुओं को एकीकृत करते हुए आयोजित** होता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**39.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय **सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK)** की स्थापना 12 **अगस्त 1994 को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अधिनियम, 1993** के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय के रूप में प्रारंभ में तीन वर्षों के लिये की गई थी।
    - **हालाँकि इसको फरवरी 2004** तक विस्तारित किया गया था लेकिन इस अधिनियम के अप्रभावी होने के बाद **29 फरवरी 2004 से NCSK, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** के तहत एक गैर-सांविधिक निकाय के रूप में शामिल हुआ। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NCSK क्षेत्र का दौरा, शिकायत निवारण, नीति समीक्षा के साथ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का स्वतः संज्ञान लेता है और मंत्रालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह कल्याणकारी नीतियों की सिफारिश करने, **मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोज़गार के निषेध अधिनियम, 2013 जैसे कानूनों की निगरानी करने एवं संबंधित**

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**शिकायतों की जाँच करने के साथ सर्वोच्च न्यायालय के फैसले (2023)** के अनुसार सीवर में होने वाली मौतों (**₹30 लाख**) और विकलांगताओं (**₹10-20 लाख**) के लिये मुआवजे को सुनिश्चित करने में भूमिका निभाता है।

40.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **लिम्फैटिक फाइलेरिया,** लसीका वाहिकाओं में पाए जाने वाले **राउंडवॉर्म परजीवी (नेमाटोड)** के कारण होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - कृमियों के मुख्य प्रकार हैं:
    - **वुचेरेरिया बैन्क्रॉफ्टी (90% मामलों** का प्रमुख कारक)
    - **ब्रुगिया मलय**
    - **ब्रुगिया टिमोरी**
- यह रोग **मच्छरों के काटने से संचरित होता है। अत: कथन 2 सही है।**
  - जब मच्छर किसी **संक्रमित व्यक्ति को काटता है,** तो वह **छोटे लार्वा (माइक्रोफाइलेरिया) का अंतर्वेशन कर देता है।** बाद में, जब वही मच्छर किसी **स्वस्थ व्यक्ति को काटता है,** तो यह **परजीवियों को उसके रक्तप्रवाह में पहुँचा देता है,** जिससे संक्रमण होता है।
- यह **लसीका प्रणाली को नुकसान पहुँचाता है** , जिससे **शरीर के अंगों (मुख्य रूप से पैर, हाथ और जननांग) में सूजन आ जाती है,** जिससे **दर्द,** और **दिव्यांगता की स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं। अत: कथन 3 सही है।**

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

एशियाई हाथी:

- एशियाई हाथी ध्यान आकर्षित करने और भावनाओं को व्यक्त करने के लिये **तुरही, दहाड़, गड़गड़ाहट और चहचहाने** का उपयोग करते हुए संवाद करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - पहले यह माना जाता था कि **तुरही मुख्य रूप से मानवीय व्यवधानों की प्रतिक्रिया है,** लेकिन नए निष्कर्षों से पता चलता है कि इसका उपयोग सामाजिक अंत:क्रियाओं और भावनाओं को व्यक्त करने में किया जाता है।
- **प्रमुख तथ्य:**
  - **उप-प्रजातियाँ:** एशियाई हाथियों की तीन उप-प्रजातियाँ हैं- **भारतीय, सुमात्रा और श्रीलंकाई।**
  - **जनसंख्या:** 13 देशों में विखंडित आबादी 50,000 से भी कम रह गई है।
    - **निवास स्थान:** घास के मैदानों, झाड़ियों, सदाबहार और पर्णपाती वनों में पाया जाता है।
    - **आकार और स्वरूप: अफ्रीकी हाथियों** से छोटे तथा तुलनात्मक रूप से छोटे कान। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **महत्त्व:** जंगलों की भलाई के लिये एक आवश्यक प्रजाति, हाथी भारत के प्राकृतिक विरासत पशु हैं। वे पानी की तलाश तथा वन पुनर्जनन के लिये साफ-सफाई करके अन्य प्राणियों की मदद करते हैं।
- **संरक्षण स्थिति:**
  - **IUCN रेड लिस्ट: संकटग्रस्त। अत: कथन 3 सही है।**
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची I
- वन्य जीव और वनस्पति की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): **परिशिष्ट I**

42.

उत्तर: A

व्याख्या:

**बॉम्बे ब्लड ग्रुप**

- इसकी पहचान **वर्ष 1952 में** मुंबई में की गई थी, जिसे **एच एंटीजन की अनुपस्थिति** के कारण **hh रक्त समूह** भी कहा जाता है।
  - एंटीजन रक्त कोशिकाओं (RBC, WBC और प्लेटलेट्स) पर मौजूद **प्रोटीन या कार्बोहाइड्रेट होते हैं जो रक्त के प्रकार को निर्धारित करते हैं। उदाहरण के**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**लिये AB रक्त समूह में A और B** दोनों एंटीजन होते हैं, A में A एंटीजन होते हैं, B में B एंटीजन होते हैं तथा O में कोई भी नहीं होता है।

- बॉम्बे ब्लड ग्रुप में, **उत्परिवर्तित या अनुपस्थित h एंटीजन** जीन **A, B, या O एंटीजन गठन को** रोकता है।

- **दुर्लभता:** यह **अत्यंत दुर्लभ** है, जो लगभग **10,000 भारतीयों में से 1** तथा **विश्वभर में दस लाख लोगों में से 1 में पाया जाता है।**
- **रक्त आधान में समस्याएँ: hh रक्त समूह** वाले व्यक्तियों को A, B, या O रक्त **( O-नेगेटिव सहित ) नहीं** दिया जा सकता, क्योंकि उनमें **h एंटीजन** होता है।
  - प्राप्तकर्ता की प्रतिरक्षा प्रणाली **दाता प्रतिजनों को विदेशी ( एंटीबॉडी )** के रूप में पहचानती है, और एक गंभीर **प्रतिरक्षा** प्रतिक्रिया को सक्रिय करती है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पृथ्वी का आंतरिक कोर:**

- **संरचना:** पृथ्वी की आंतरिक कोर एक **गर्म, सघन गोला** है जो मुख्य रूप से **लोहे और निकल** से बनी है। तरल बाहरी कोर के विपरीत, आंतरिक कोर पृथ्वी की ऊपरी परतों से अत्यधिक दबाव के कारण ठोस रहता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **गहराई और आकार:** यह पृथ्वी की सतह से **5,150 किमी नीचे,** पृथ्वी के केंद्र में स्थित है। इसकी **त्रिज्या लगभग 1,220 किमी** है।
  - आंतरिक और बाह्य कोर के बीच की सीमा को **लेहमैन असंबद्धता** कहते है। **अतः कथन 2 सही** है।
- **चुंबकत्व:** आंतरिक कोर **पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र** को प्रभावित करती है, जबकि बाह्य कोर का घूर्णन करता तरल लौह पदार्थ इसे **जियोडायनेमो प्रभाव** (चुंबकीय क्षेत्र निर्माण) के माध्यम से उत्पन्न करता है।
  - आंतरिक कोर में **उच्च तापीय और विद्युत चालकता** होती है।
- **घूर्णन:** आंतरिक कोर **पृथ्वी की सतह की तुलना में पूर्व की ओर थोड़ा तेज़ी से घूमती है,** प्रति 1,000 वर्ष में एक अतिरिक्त घूर्णन पूरा करती है।
- **वृद्धि:** तरल बाह्य कोर के ठोस होने के कारण आंतरिक कोर **प्रति वर्ष लगभग 1 मिमी** बढ़ती है।
  - वृद्धि असमान है, यह प्रविष्ठन क्षेत्र के आसपास अधिक तथा सुपरप्लूम्स के पास कम होती है।
  - धीमी गति से क्रिस्टलीकरण और निरंतर रेडियोधर्मी क्षय के कारण कोर कभी भी पूरी तरह से ठोस नहीं हो पाएगा।

**44.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **हार्मोनाइज्ड सिस्टम ( HS )** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एकरूपता सुनिश्चित करते हुए **पहचान, टैरिफ निर्धारण और व्यापार सांख्यिकी** की सुविधा प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका प्रबंधन **विश्व सीमा शुल्क संगठन ( WCO )** द्वारा किया जाता है, जो व्यापारिक वस्तुओं को वर्गीकृत करने के लिये एक वैश्विक मानक है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे प्रत्येक पाँच वर्ष में संशोधित किया जाता है और इसमें **छह अंकों का कोड** का उपयोग किया जाता है, जिसमें देश आगे वर्गीकरण के लिये एक्सटेंशन जोड़ते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **WHO द्वारा मिर्गी को** एक **क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल विकार के रूप में मान्यता दी गई है जो मस्तिष्क में असामान्य विद्युतीय गतिविधियों के कारण होती है,** जिससे दौरे पड़ते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय मिर्गी दिवस (भारत) 17 नवंबर को मनाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**46.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्वामित्री **नदी नदी गुजरात में पावागढ़ पहाड़ियों (पश्चिमी घाट का भाग)** से निकलती है और वडोदरा से होकर बहती है तथा खंभात की खाड़ी में मिल जाती है।
- **इसे सहायक नदियाँ ढाढर और खानपुर** द्वारा पोषित किया जाता है। इसके तटों पर स्थित अधिवास 1000 ईसा पूर्व प्राचीन हैं, जिनमें **अंकोटक्का (अब अकोटा)** भी शामिल है, जो गुप्त और वल्लभी शासन के दौरान विकसित हुई थी।
- इसमें कच्छ मगरमच्छ, अलवणीय जल के कछुए और मॉनिटर लिज़ार्ड पाई जाती हैं, जो इसे शहरी नदियों के बीच पारिस्थितिक रूप से अद्वितीय बनाती हैं।
- **अत: विकल्प B सही है**

**47.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- आइंस्टीन **क्रॉस गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग** का एक विशिष्ट उदाहरण है, **जिसकी भविष्यवाणी सर्वप्रथम अल्बर्ट आइंस्टीन ने की थी, इसकी खोज खगोलशास्त्री जॉन हुचरा ने की थी।**
- यह चार नाभिक वाली आकाशगंगा के रूप में दिखाई देती है, **जबकि वास्तव में ये 8 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित क्वासर Q2237+0305 की अनेक इमेज पाई जाती हैं।**
- क्वासर का प्रकाश 400 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर स्थित फॉरग्राउंड आकाशगंगा PGC 69457 के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के कारण मुड़ जाता है और आगे बढ़ जाता है, जिससे एक क्रॉस जैसा पैटर्न निर्मित होता है।
- कभी-कभी, माइक्रोलेंसिंग के कारण चमक में भिन्नता आ जाती है, क्योंकि फॉरग्राउंड आकाशगंगा के तारे क्वासर इमेज के सामने से गुजरते हैं, जिससे वे अस्थायी रूप से तीव्र हो जाते हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**48.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भारतीय संविधान की नौवीं अनुसूची, जिसे प्रथम संशोधन अधिनियम, 1951** द्वारा पेश किया गया था, में वे कानून सूचीबद्ध हैं जिन्हें न्यायालयों में चुनौती नहीं दी जा सकती, उनकी **न्यायिक समीक्षा** नहीं की जा सकती, जिनमें विशेष रूप से भूमि सुधार कानून शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - मूल रूप से अनुसूची में **13 कानून** जोड़े गए थे।
  - संविधान में अनुच्छेद **31A और 31B** जोड़े गए, जिससे भूमि सुधार कानूनों, विशेष रूप से **संपदा अधिग्रहण से संबंधित कानूनों को न्यायिक समीक्षा से सुरक्षा** मिली।
    - **अनुच्छेद 31A:** इसके अनुसार भूमि सुधार से संबंधित किसी भी कानून को मौलिक अधिकारों, विशेषकर **संपत्ति के अधिकार (अनुच्छेद 31)** का उल्लंघन करने के कारण रद्द नहीं किया जा सकता।
    - **अनुच्छेद 31B:** यह सुनिश्चित करता है कि **नौवीं अनुसूची** में निर्दिष्ट कानून, भले ही उनका मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष हो, विधिमान्य और प्रवर्तित रहेंगे।
- **वर्ष** 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से **अनुच्छेद** 19(1)(f) **और अनुच्छेद 31** को निरस्त कर **संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया। अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके बाद संविधान के **अनुच्छेद 300A (विधि के प्राधिकार के बिना व्यक्तियों को संपत्ति से वंचित न किया जाना)** के तहत संपत्ति के अधिकार को विधिक अधिकार बना दिया गया।

**49.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय:**

- 25 सितम्बर 1916 को जन्मे , वे एक भारतीय राजनीतिज्ञ, दार्शनिक और आरएसएस और भारतीय जनसंघ (बीजेएस) (भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती) के विचारक थे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

- उन्होंने अंत्योदय अर्थात अंतिम व्यक्ति के उत्थान और सबसे वंचितों की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया।
- उनके "समग्र मानवतावाद" के दर्शन में कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया।
- राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को सम्मान देने के लिए 25 सितम्बर 2014 से उनकी जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है।
  - 2015 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का नाम बदलकर दीनदयाल अंत्योदय योजना-एनआरएलएम कर दिया गया।
- प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की । उनका निधन 11 फरवरी 1968 को हुआ था।
- इनका जन्म **25 सितंबर** 1916 को हुआ और यह भारतीय **राजनीतिज्ञ, दार्शनिक** और **RSS एवं भारतीय जनसंघ (BJS)** (भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती) के विचारक अथवा सिद्धांतकार थे।
- उन्होंने **अंत्योदय** अर्थात समाज में सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और **सर्वाधिक सुविधावंचितों** की आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया।
- यह **"समग्र मानवतावाद" दर्शन** के प्रणेता थे जिसमें कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया।
- राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के सम्मान में **वर्ष 2014 से 25 सितंबर** को उनकी जयंती को **अंत्योदय दिवस** के रूप में मनाया जाता है।
  - **वर्ष** 2015 में, **राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)** के नाम में परिवर्तन कर इसे **दीनदयाल अंत्योदय योजना-NRLM** कर दिया गया।
  - वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश में **मुगलसराय जंक्शन** का नाम बदलकर उनके नाम पर रखा गया।
- प्रधानमंत्री ने **पंडित दीनदयाल उपाध्याय** को उनकी **पुण्यतिथि पर** श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका देहांत **11 फरवरी 1968** को हुआ था।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**50.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA):**

- EFTA आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड का **अंतर-सरकारी संगठन** है, जिसे स्टॉकहोम अभिसमय (1960) के तहत स्थापित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत EFTA का 5वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है** (यूरोपीय संघ, अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद)। **अतः कथन 2 सही है।**
- **द्वीपक्षीय व्यापार:** भारत और EFTA देशों के बीच व्यापार वर्ष 2023-24 में **24 बिलियन अमरीकी डॉलर** था, जो वर्ष 2022-23 के **18.65 बिलियन अमरीकी डॉलर** से अधिक था। व्यापार अंतराल EFTA ब्लॉक के पक्ष में था।
- **प्रमुख साझेदार: स्विट्ज़रलैंड (सबसे बड़ा)**, उसके बाद **नॉर्वे** ।

**51.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **वर्ष** 1971 में स्थापित **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** को आधिकारिक तौर पर स्विस फेडरल काउंसिल द्वारा **वर्ष 2015 में एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन** के रूप में मान्यता दी गई थी। यह **सार्वजनिक-निजी भागीदारी** के लिये समर्पित है और **वैश्विक, क्षेत्रीय तथा औद्योगिक एजेंडा** को आकार देने के क्रम में **प्रमुख राजनीतिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक और अन्य सामाजिक नेताओं** को एक साथ लाता है।
- WEF नियमित रूप से विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त रिपोर्ट प्रकाशित करता है जिसमें **ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी आउटलुक रिपोर्ट**, ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस रिपोर्ट और ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट, एनर्जी ट्रांजिशन इंडेक्स, ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट, ग्लोबल ट्रैवल एंड टूरिज्म रिपोर्ट शामिल हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

**लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 ( RP अधिनियम, 1951 ):**

- **धारा 8( 1 ):** इसके तहत विशिष्ट अपराधों (जैसे बलात्कार और अन्य जघन्य अपराध, अस्पृश्यता, आतंकवाद और भ्रष्टाचार) हेतु अयोग्यता का निर्धारण किया गया है, जिसके कारण सजा की अवधि और रिहाई के छह वर्ष बाद भी **तत्काल अयोग्यता हो सकती है। अत: कथन 1 सही है।**
- **धारा 8( 3 ):** यदि किसी व्यक्ति को किसी अपराध का दोषी पाया जाता है और **दो वर्ष या उससे अधिक के कारावास की सज़ा सुनाई जाती है तो वह कारावास की अवधि के दौरान और रिहाई के बाद छह वर्ष तक** चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य हो जाता है। हालाँकि इसके तहत सज़ा की अवधि के आधार पर अयोग्यता का निर्धारण किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **धारा 11:** यह **भारत निर्वाचन आयोग ( ECI )** को धारा 8, 9 या 10 के तहत किसी दोषी व्यक्ति की अयोग्यता अवधि को समाप्त कर सकता है या कम कर सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

53.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मध्य प्रदेश के श्योपुर में स्थित **कुनो राष्ट्रीय उद्यान** को मूल रूप से **वर्ष 1981 में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित** किया गया था और बाद में **वर्ष 2018 में इसे राष्ट्रीय उद्यान** के रूप में अपग्रेड किया गया।
  - भौगोलिक दृष्टि से, यह **विंध्य पहाड़ियों** में स्थित है और इसकी विशेषता **शुष्क पर्णपाती वन** हैं।
    - कूनो की प्रमुख वनस्पतियों में **करधई, खैर और सलाई** जैसी वृक्ष प्रजातियाँ शामिल हैं।
  - **कुनो नदी - चंबल की एक प्रमुख सहायक नदी** - इसके परिदृश्य से होकर बहती है। पार्क में विविध जीव-जंतु पाए जाते हैं, जिनमें तेंदुए, धारीदार लकड़बग्घे, भारतीय भेड़िये, कृष्णमृग, सांभर हिरण और घड़ियाल शामिल हैं।
    - इसका चयन **भारत में चीता के आगमन हेतु कार्य योजना** के अंतर्गत किया गया था।
- **अत: विकल्प D सही है।**

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **फोर्ट विलियम कोलकाता में हुगली नदी के पूर्वी तट पर स्थित है** और इसका **नाम मूलत: इंग्लैंड के राजा विलियम तृतीय के नाम पर रखा गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मूल किले का निर्माण अंग्रेज़ों ने **सर जॉन गोल्ड्सबोरो** के नेतृत्व में **वर्ष 1696** में कराया था और 1706 में इसका **निर्माण पूरा** हुआ था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **कलकत्ता की घेराबंदी ( 1756 ) के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था** जब **सिराजुद्दौला ने अंग्रेज़ों को पराजित किया था।**
  - **प्लासी के युद्ध ( 1757 )** के बाद, **रॉबर्ट क्लाइव ने** 1758 और 1781 के बीच इसे एक नए स्थान पर **पुनर्निर्मित** किया।
- इसमें **1971 के भारत-पाक युद्ध** और **बांग्लादेश मुक्ति युद्ध** की कलाकृतियों वाला एक युद्ध स्मारक है।
- औपनिवेशिक प्रतीक से मुक्त करने के उद्देश्य से इसके नाम में परिवर्तन कर इसे **विजय दुर्ग** का नाम दिया गया है। इसका नाम **महाराष्ट्र के प्राचीनतम सिंधुदुर्ग किले** के नाम पर रखा गया है, जो **छत्रपति शिवाजी के अधीन मराठा नौसैनिक अड्डा** था। **अत: कथन 3 सही है।**

55.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **ऑस्ट्राहिंद ( न कि शक्ति ) भारत और ऑस्ट्रेलिया** के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है जो दोनों देशों के सशस्त्र बलों के

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

बीच अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**

- **संप्रीति भारत और बांग्लादेश** की सेनाओं के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मज़बूत करने के लिये प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **" हैंड इन हैंड" अभ्यास भारत और चीन** के बीच एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास है, जो संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जूनोटिक रोग **संक्रामक रोग हैं जो जानवरों से मनुष्यों में** फैलते हैं। सभी जूनोटिक रोग विषाणु के कारण नहीं होते हैं। विषाणु के अलावा, वे **बैक्टीरिया, परजीवी और कवक के कारण भी हो सकते हैं।** उदाहरण: रेबीज, साल्मोनेलोसिस, इबोला, एंथ्रेक्स। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और मानव-वन्यजीव संपर्क पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन और पशु रोगजनकों के लिये मानव जोखिम को बढ़ाकर जूनोटिक रोग के प्रकोप के जोखिम को बढ़ाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**57.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यंग बंगाल आंदोलन, **19वीं सदी की शुरुआत में बंगाल में एक सामाजिक सुधार आंदोलन था** । इसका नेतृत्व कोलकाता के हिंदू कॉलेज के शिक्षक **हेनरी लुइस विवियन डेरोज़ियो** ने किया था। इस आंदोलन को डेरोज़ियन के नाम से भी जाना जाता था। इसने तर्कवाद, स्वतंत्र सोच और धार्मिक परंपराओं के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- ब्रह्मो समाज, वर्ष **1828 में राजा राममोहन राय द्वारा स्थापित एक प्रमुख सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन** था। इसने **मूर्ति पूजा, जाति भेदभाव का विरोध** किया और **एकेश्वरवाद पर ज़ोर** दिया। **अत: कथन 2 सही है।**
- **रायबरेली** के **सैय्यद अहमद** द्वारा स्थापित **वहाबी आंदोलन** एक **पुनरुत्थानवादी आंदोलन** था जिसका उद्देश्य गैर-इस्लामी प्रथाओं को समाप्त करके इस्लाम को शुद्ध करना था। इसका रुख ब्रिटिश विरोधी भी है। **अत: कथन 3 सही है।**

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैवाहिक बलात्कार:**

- वैवाहिक बलात्कार एक प्रकार की **अंतरंग साथी हिंसा** है जिसमें पति-पत्नी के बीच **जबरन यौन संबंध** या यौन उत्पीड़न शामिल होता है। यह भारत में अपराध नहीं है।
  - हालाँकि, यदि कोई दंपत्ति **विवाहित है, लेकिन अलग-अलग रह रहे हैं,** तो यदि उसकी पत्नी यौन संबंध के लिये **सहमति नहीं** देती है, तो पति **बलात्कार का दोषी** है।
- **विधिक दृष्टिकोण:**
  - **IPC: धारा 375 (2)** में कहा गया है कि एक पुरुष और उसकी पत्नी, जो **15 वर्ष से कम उम्र की नहीं** है, के बीच **यौन संबंध या यौन क्रिया** बलात्कार नहीं है।
    - **BNS** ने वैवाहिक बलात्कार के मामलों में पतियों के लिये **प्रतिरक्षा** बरकरार रखी है, लेकिन ***इंडिपेंडेंट थॉट बनाम UoI केस,*** *2017* में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का अनुपालन करते हुए **सहमति की उम्र 15 से बढ़ाकर 18 वर्ष** कर दी गई है।
- **घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005:** यद्यपि वैवाहिक बलात्कार कोई अपराध नहीं है, फिर भी एक महिला **यौन दुर्व्यवहार,** अपमान या **गरिमा के उल्लंघन** के लिये **घरेलू हिंसा अधिनियम,** 2005 के तहत **राहत की मांग** कर सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**वैवाहिक बलात्कार पर न्यायिक निर्णय:**

- ***इंडिपेंडेंट थॉट बनाम यूओआई केस, 2017:*** सर्वोच्च न्यायालय ने 15-18 वर्ष की आयु की पत्नियों के लिये भारतीय दंड संहिता की धारा 375 (BNS की धारा 63) के अपवाद 2 को खारिज कर दिया, जिसके तहत नाबालिग पत्नियों (18 वर्ष से कम) के साथ संभोग को बलात्कार माना गया था।।
    - इसने इस अपवाद को मनमाना और असंवैधानिक करार दिया, जो **अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (गैर-भेदभाव) और 21 (जीवन और सम्मान का अधिकार)** का उल्लंघन करता है ।
    - न्यायालय ने निर्णय दिया कि **पोक्सो अधिनियम, 2012** भारतीय दंड संहिता से अधिक प्रभावी है, जो नाबालिग (18 वर्ष से कम) के साथ यौन संबंध को बलात्कार बनाता है, भले ही वह विवाहित हो।
- ***के.एस. पुट्टस्वामी केस, 2017:*** इसमें गोपनीयता के आंतरिक भाग के रूप में **व्यक्तियों के लिये यौन स्वायत्तता** के महत्त्व पर बल दिया गया।


**59.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**भारत-म्याँमार:**

- **म्याँमार के साथ भारत की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा** अरुणाचल प्रदेश (520 किमी), नगालैंड (215 किमी), मणिपुर (398 किमी) और मिज़ोरम (510 किमी) से होकर गुज़रती है। **1,472 किलोमीटर** की सीमा का **सीमांकन** किया जा चुका है।
- संशोधित **मुक्त आवागमन व्यवस्था (FMR)** के तहत **भारत-म्याँमार सीमा** पर 43 नियोजित क्रॉसिंग प्वाइंटों में से 22 बॉर्डर गेट (सीमा द्वारों) को सक्रिय कर दिया गया है, जिसका उद्देश्य सीमा सुरक्षा बनाए रखते हुए आवागमन को विनियमित करना है।
- **FMR:** वर्ष 1968 में बड़े पैमाने पर बिना बाड़ वाली पूर्वोत्तर सीमा पर **जातीय और पारिवारिक संबंधों के कारण** आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिये शुरू किया गया था।
- **वर्ष 2004 में मुक्त आवागमन की सीमा 40 किमी से घटाकर 16 किमी** कर दी गई और अब यह **10 किमी** है।
- सीमा पर रहने वाले लोग बिना **वीजा या पासपोर्ट** के यात्रा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें **QR कोड-सक्षम सीमा पास** की आवश्यकता होती है। **बायोमेट्रिक डेटा रिकॉर्ड** किया जाता है और **नकारात्मक सूची** के विरुद्ध जाँच के लिये एक केंद्रीकृत पोर्टल पर अपलोड किया जाता है।
- **असम राइफल्स** सीमा पास जारी करने और प्रारंभिक सुरक्षा सत्यापन करने के लिये ज़िम्मेदार है। सीमा पास की वैधता 7 दिनों तक होती है।




- **अत: विकल्प D सही है।**

**60.**

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**एशियाई मत्स्य पालन और जलीय कृषि मंच (AFAF)**

- **परिचय:**
    - AFAF एक **वैश्विक मत्स्य पालन और जलीय कृषि सम्मेलन है** जो **एशियाई मत्स्य पालन सोसायटी (AFS)**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

द्वारा प्रत्येक 3 वर्ष में आयोजित किया जाता है। इसका **मुख्यालय** मलेशिया के कुआलालंपुर में है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- AFS, एक **गैर-लाभकारी वैज्ञानिक निकाय**, की स्थापना **वर्ष 1984 में कुआलालंपुर, मलेशिया** में हुई थी।

- इसमें संबद्ध क्षेत्र की चुनौतियों, प्रवृत्तियों और नवाचारों पर चर्चा करने के लिये विभिन्न **वैज्ञानिक, शोधकर्त्ता और उद्योग विशेषज्ञ** शामिल होते हैं।
- यह फोरम **मत्स्य पालन और जलीय कृषि के भविष्य** के लिये बेहतर पद्धतियों को विकसित करने हेतु **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग** को प्रोत्साहित करता है।

- **मेज़बान के रूप में भारत: भारत ने दूसरी बार AFAF की** मेज़बानी की (**प्रथमतः वर्ष 2007 में कोच्चि में आयोजित 8वीं AFAF**)।
- **आयोजक:**
  - **AFS ने ICAR, मत्स्य पालन विभाग, भारत सरकार और एशियाई मत्स्य सोसायटी भारतीय शाखा (AFSIB), मैंगलोर** के सहयोग से इसका आयोजन किया।
- **14वें AFAF का विषय: "ग्रीनिंग द ब्लू ग्रोथ इन एशिया-पैसिफिक"। अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि The Vision

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट: